राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 दिसम्बर। राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री शांति धारीवाल ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

जनसुनवाई के दौरान श्री शांति धारीवाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। श्री धारीवाल के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री जसवंत गुर्जर तथा श्रीमती प्रतिष्ठा यादव मौजूद रहे।

दिनांक 21 दिसम्बर, 2021 को मंत्रिगण अपने प्रभार वाले जिलों में प्रवास पर रहने के कारण प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित रहेगा। अगली जनसुनवाई दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री परसादी लाल मीणा तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, हाजी जिया उर रहमान तथा श्री राजेन्द्र यादव इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter